8 OCT 1 2026 REWA BLACK.qxd 07-10-2026 23:16 Page 1



भाज

मेसीकी विजयी विदायी

७७ साल की उम्र में भी फिटनेस और एनर्जी कायम

हेमा मालिनी

प्रयागराज, गुरुवार ८ अक्तूबर, २०२६ सौर २२, आश्विन कृष्ण १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * मध्य प्रदेश संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

०.२५ प्रतिशत बढ़ा रेपोरेट, बढ़ेगी महंगाई

मुंबई (आससे.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट में 25 आधार अंकों (0.25 प्रतिशत) की बढ़ोतरी कर इसे



5.50 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही नीतिगत रुख को बदलकर कैलिब्रेटेड टाइटनिंग (सोच-समझकर सख्ती) कर दिया गया है। पॉलिसी के एलान के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यूपीआई पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) पर स्थिति साफ करते हुए कहा, एमडीआर पर फैसला पहले ही लिया जा चुका है। अभी तक हमें यूपीआई वॉल्यूम में कोई गिरावट नहीं दिखी है। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि एक छोटे से शुल्क से यूपीआई वॉल्यूम पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

जंतर-मंतरपर राहुल-खड़गेका धरना, हिरासत में

प्रियंकाने पुलिसपर लगाया अभद्रता करनेका आरोप, दो घंटेके बाद राहुल-प्रियंकाको छोड़ा

नयी दिल्ली (आससे.)। चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष के आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान दोनों नेताओं ने केंद्र सरकार

मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला और कहा कि मांगें पूरी होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी सांसद चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया और पुलिस ने प्रदर्शन से रोक दिया। राहुलने कहा कि विपक्ष



जंतर-मंतर पर बैठकर देश को बताएगा कि उसके लिए ज्ञानेश कुमार वैध चुनाव आयुक्त नहीं हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना पड़ेगा।

आकाशवाणी भवन परिसर में पिछले दिन हुए धरने को लेकर एफआईआर दर्ज होने के सवाल पर राहुल ने कहा, मेरे पास 45 एफआईआर हैं, मेरा लक्ष्य 100 है। मैं चाहता हूं कि मेरे ऊपर 100 एफआईआर लगें। हर एफआईआर मेरे लिए एक मेडल है। खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री मोदी देश में लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने की कोशिश

(शेष पृष्ठ ११ पर)

खड़गे की लंच मीटिंग में जुटे विपक्षी सांसद

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को जनपथ स्थित आवास पर विपक्षी सांसदों के साथ लंच बैठक की। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात का समय मांगने वाले पत्र पर सांसदों के हस्ताक्षर कराने पर चर्चा हुई। यह बैठक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच बढ़े टकराव के बीच हुई। राष्ट्रीय जनता दल के नेता

(शेष पृष्ठ ११ पर)

यूपी : १० जिलोंके कप्तान सहित २० आईपीएस अफसरोंका तबादला




लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। शासन ने 20 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें करीब 10 जिलों के पुलिस कप्तानों को भी बदला गया है। अधिकारियों को नई तैनाती देते हुए कई जिलों की पुलिस कमान में बदलाव किया गया है। तबादला सूची के अनुसार बरेली के एसपी को जौनपुर, जौनपुर के एसपी को फतेहपुर और फतेहपुर में नई तैनाती दी गई है। वहीं बाराबंकी, बस्ती, बलिया, मैनपुरी, गाजीपुर, बागपत, हमीरपुर और जालौन समेत कई जिलों में भी पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिली है।

बलिया, जौनपुर, गाजीपुरके बदले कप्तान

हंदवाड़ामें आतंकियों की साजिश नाकाम, भारी संख्यामें हथियार, कारतूस बरामद

हंदवाड़ा (एजेंसी)। सुरक्षाबलों ने कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा में आतंकियों के एक बड़े षड्यंत्र को विफल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के लिए आतंकियों ने नागदानार के जंगल में हथियार छिपा रखे थे। सुरक्षाबलों ने बुधवार को समय रहते इस ठिकाने को खोज निकाला। इस ठिकाने में आतंकियों ने 1132 कारतूस और साइलेंसर भी छिपा रखा था।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस, सेना की 21 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और सीआरपीएफ की 92वीं बटालियन को नागदानार के घने जंगल में संदिग्ध गतिविधियों और (शेष पृष्ठ ११ पर)

राहुल-प्रियंका सहित विपक्षी सांसदोंसे कथित बदसलूकीके विरोधमें आज राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन



सात अक्तूबर लोकतंत्रका काला दिन-कांग्रेस

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और विपक्षी सांसदों के साथ कथित तौर पर बल प्रयोग और लाठीचार्ज किए जाने की निंदा करते हुए 7 अक्टूबर को भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला दिन' घोषित किया है। पार्टी ने इसके विरोध में 8 अक्टूबर को देशभर में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस समितियों, जिला कांग्रेस समितियों और ब्लॉक कांग्रेस समितियों को गुरुवार को प्रदर्शन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि इंडिया गठबंधन के सांसद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग करने शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर जा रहे थे, लेकिन उन्हें रोका गया और कथित तौर पर बल प्रयोग किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा लाठीचार्ज में कई (शेष पृष्ठ ११ पर)

प्रधानमंत्रीने देशको निराशा से बाहर निकाला-नितिन नबीन

सेवा संकल्प यात्राका हुआ समापन, प्रधानमंत्रीके निर्देशनमें बदला उत्तर प्रदेश-योगी

वाराणसी (का.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को निराशा के माहौल से बाहर निकाला। अर्थव्यवस्था, कूटनीति, विदेश नीति और देश के हर वर्ग के विकास के लिए उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में आजतक एक भी छुट्टी नहीं ली। दिनरात देश की सेवा में ही वह जुटे रहे और इसका नतीजा है कि आज भारत के प्रति पूरी दुनिया उम्मीद से देखती है। अब जरूरत है कि देश को विकसित बनाने में प्रधानमंत्री ने जो संकल्प देखे हैं, उनको सभी कार्यकर्ता गांवों तक लेकर जाएं। वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुधवार को रोहनिया के जगतपुर इंटर कॉलेज में आयोजित सेवा संकल्प यात्रा में वडनगर से विभिन्न शहरों का भ्रमण करके 20 हजार किलोमीटर की यात्रा करके लौटे बाइकर्स का स्वागत करने के बाद



समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, समेत भाजपा के कई दिग्गज की मौजूदगी में बनारस में अपनी पहली जनसभा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के राजपरिवार के शहजादे विरासत के सहारे राजनीति में पहुंचे, जबकि नरेंद्र मोदी को जनता के सामने प्रधानमंत्री पद के लिए घोषित किया गया और देश की जनता ने उन्हें जनादेश देकर दिल्ली पहुंचाया। विपक्ष पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता उसके मकसद को कभी पूरा नहीं होने देगी। प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर निकाली गई यात्रा में शामिल युवाओं का स्वागत (शेष पृष्ठ ११ पर)

इनकी रही मौजूदगी

वाराणसी (का.प्र.)। कार्यक्रम में वडोदरा के सांसद हेमांग जोशी, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, एमएसएमई राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, सुनील पटेल, सदस्य विधान परिषद राय धर्मेंद्र सिंह, मंडलायुक्त एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

२०४७ तक भारतको विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प, हम इसे करके रहेंगे-मोदी



नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और देश यह करके दिखाएगा। उन्होंने दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने, आत्मनिर्भर भारत बनाने, देश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने, ओलंपिक की मेजबानी और अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने को प्रमुख राष्ट्रीय संकल्प बताया। प्रधानमंत्री ने अपनी 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके लिए पद और प्रतिष्ठा से अधिक महत्वपूर्ण

मेरा जीवन एम्बिशन नहीं, मिशनके लिए है-प्रधानमंत्री

भारत की सेवा है। मेरे लिए कर्म ही सब कुछ है, कर्म ही मेरा धर्म है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एम्बिशन नहीं, मिशन के लिए है और कर्म देश तथा देशवासियों के लिए है, जिसमें फल और श्रेय की चिंता नहीं है। मोदी ने कहा कि देश में आज ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल है। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र के (शेष पृष्ठ ११ पर)

प्रदर्शनमें पुलिसके लिए बाडी कैमरा अनिवार्य करने के निर्देश देनेसे कोर्टका इनकार

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के कर्मियों को विरोध प्रदर्शनों तथा भीड़ नियंत्रण के दौरान बॉडी वॉर्न कैमरा अनिवार्य रूप से पहनने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। अदालत ने केंद्र सरकार को इस जनहित याचिका को प्रतिनिधित्व के रूप में मानते हुए छह महीने के भीतर निर्णय लेने को कहा।कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव सांब्रे और जस्टिस अरुण भारद्वाज की खंडपीठ ने वकील चाहत राघव द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में भीड़ नियंत्रण और प्रदर्शन प्रबंधन के लिए तैनात पुलिस तथा आरएएफ कर्मियों के लिए बॉडी कैमरा को अनिवार्य और हमेशा चालू रखने के साथ फुटेज के भंडारण, (शेष पृष्ठ ११ पर)

भाजपाने खो दिया विश्वास-जनाधार-अखिलेश

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अपना विश्वास और जनाधार पूरी तरह खो दिया है। जो लोग सच में अपने देश से प्यार करते हैं, अब उनकी वैमनस्यपूर्ण धर्मांधता की काली रात गुजर गई है। विवेकशील पुनर्जागरण का एक नया सवेरा उनके मानसिक-



अंधकार को मिटा कर नई चेतना का नया प्रकाश ला रहा है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि अब तो भाजपा के लोग भी समझ गए हैं कि भाजपा किसी की सगी नहीं है। भाजपा में न सरकार का कोई मतलब है, न संगठन का। भाजपा एकाधिकारी मन और एकाकी मानसिकता से पूरी तरह ग्रसित है। इसमें किसी और के लिए कोई स्थान नहीं है। सच तो यह है कि जहां स्थान ही नहीं मिलेगा, वहां मान-सम्मान कैसे मिलेगा। भाजपा में न तो किसी मामले में किसी की सलाह ली जाती है और न ही किसी निर्णय में किसी को शामिल किया जाता है। उन्होंने कहा कि अपने ही दल में घोर उपेक्षित भाजपा के लोग अब एक-दूसरे से दुखी होकर कह रहे हैं कि भाजपा ने हमें बुरी तरह से निचोड़कर बर्बाद कर दिया है। वे कह रहे हैं कि अब हमारी तुलना पूरी तरह रस निकाले जा चुके गन्ने की उस खोई से भी नहीं की जा सकती है, जिसे देखकर हाथी भी मुंह मोड़ लेता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि तमाम भाजपा के लोग ऐसे हैं, जो किसी भी घाट के नहीं रहे। हमें ऐसे बिन घाट के भाजपा वालों से बेहद सहानुभूति है।

दिल्लीके सीमापुरीमें ढही इमारत, दो की मौत

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में बुधवार को चार मंजिला इमारत ढह गई, जिसके मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इमारत का मलबा आसपास के दो-

अब भी कई लोगोंकी दबे होने की आशंका

तीन मकानों के कुछ हिस्सों पर भी गिरा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को इमारत गिरने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और नागरिक सुरक्षा कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे और तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रकमें घुसी कार, चार खिलाड़ियों की मौत

देवरिया (एजेंसी)। लखनऊ में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेलकर घर लौट रहे देवरिया के चार खिलाड़ियों की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। ये सभी मईल और लार थाना क्षेत्र के युवक थे। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित गांवों में शोक की लहर दौड़ गई।टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। मृतकों में मईल थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी नित्यानंद प्रजापति 26 वर्ष, बलिया उत्तर निवासी इरफान उर्फ राज, लार थाना क्षेत्र के चुरिया निवासी अनिकेत सिंह और कोहरा गांव निवासी आनंद यादव शामिल हैं। चारों क्रिकेट खिलाड़ी थे और लखनऊ में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। मंगलवार को प्रतियोगिता खेलने के बाद वे कार से घर लौट रहे थे। बुधवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर उनकी कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना गंभीर था कि चारों की मौत हो गई। नित्यानंद की मौत की खबर बगहा गांव पहुंचते ही उनके घर पर ग्रामीणों और परिचितों की भीड़ जुट गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही नित्यानंद के पिता मनोज प्रजापति छोटे बेटे अंकित के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गए। (शेष पृष्ठ ११ पर)

लखनऊसे क्रिकेट खेलकर देवरिया लौटते समय हुआ हादसा

हेनरी कागन-केन्सो सोई को रसायनका नोबेल पुरस्कार

फ्रांस (एजेंसी)। स्टॉकहोम में आज नोबेल पुरस्कार केमिस्ट्री के विजेताओं के नामों का एलान किया गया। इस बार संयुक्त रूप से दो वैज्ञानिकों को पुरस्कार दिया जाएगा।

फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के वैज्ञानिक केन्सो सोई को रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, दोनों वैज्ञानिकों को असममित कार्बनिक संश्लेषण में नॉन-लीनियर प्रभावों और ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। हेनरी कागन ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने



आटोकैटालिसिस की खोज के लिए सम्मान

का एक नया तरीका खोजा। इससे पहले की तुलना में किसी रासायनिक प्रतिक्रिया में एक ही तरह की 'मिरर इमेज' यानी दर्पण प्रतिबिंब वाली संरचना की मात्रा अधिक बनाई जा सकी। उनकी इस खोज ने दवाओं, फ्लेवर, खुशबू और नई सामग्री बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएं विकसित करने वाले वैज्ञानिकों के काम को नई दिशा दी। केन्सो सोई ने ऐसी पहली रासायनिक प्रतिक्रिया तैयार की, जिसमें संभावित दो मिरर इमेज में से केवल एक ही बनती थी। नोबेल कमेटी के मुताबिक, जीवन को छोड़कर इससे पहले प्रकृति में भी ऐसा उदाहरण नहीं देखा गया था।

इस प्रतिक्रिया को 'सोई रिएक्शन' के नाम से जाना जाता है और इसे रसायन विज्ञान के सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में गिना जाता है। हेनरी कागन फ्रांस और केन्सो (शेष पृष्ठ ११ पर)

